मंगलवार
02 मई 2023



पृष्ठ 4
वजन कम करने के लिए फायदेमंद है आंवला



पृष्ठ 5
रकुल प्रीत ने एक बार फिर इंटरनेट पर मचा दी सनसनी



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 92
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

सर्वसाधारण जनता की उपेक्षा एक बड़ा राष्ट्रीय अपराध है।
– स्वामी विवेकानंद

## खतरनाक मौसम में भी यात्रा जारी

विशेष संवाददाता

रुद्रप्रयाग/चमोली। बीते तीन-चार दिनों से उत्तराखंड का मौसम खराब चल रहा है पहाड़ों पर भारी बर्फबारी और मैदानों में बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन थम सा गया है। लेकिन इस खतरनाक मौसम में भी चार धाम यात्रा बदस्तूर जारी है। श्रद्धालु न प्रशासन के रोके रुक रहे हैं और न मौसम विभाग की चेतावनी का उन पर कोई असर देखने को मिला है। अब तक ढाई लाख से अधिक लोग चार धाम पर पहुंच चुके हैं। केदारनाथ में सबसे अधिक बर्फबारी हुई है तथा सबसे ज्यादा खराब मौसम है लेकिन यहां सबसे अधिक 92 हजार श्रद्धालु अब तक पहुंच चुके हैं।

खराब मौसम के कारण सभी चारों धामों के लिए फिलहाल रजिस्ट्रेशन रोक दिए गए हैं क्योंकि 5 मई तक मौसम के अत्यधिक खराब रहने की चेतावनी मौसम विभाग द्वारा जारी की गई है। बीते 3 दिनों से केदारधाम में रुक-रुक कर बर्फबारी हो रही है लेकिन बर्फबारी के बीच भी श्रद्धालु दर्शनों के लिए लाइन लगाकर खड़े हैं प्रशासन श्रद्धालुओं को जगह-जगह पड़ावों पर रोकने का प्रयास कर रहा है लेकिन वह खुद के रिस्क पर यात्रा पर जा रहे हैं। आज केदारधाम पहुंच कर खुद डीजीपी अशोक कुमार ने यात्रियों से सुरक्षित यात्रा करने की अपील की है।



●जान जोखिम में पर आस्था अडिग
●प्रशासन की अपील का कोई असर नहीं
●बर्फबारी में दर्शनों के लिए लंबी-लंबी कतार

उधर बद्रीनाथ धाम में बर्फबारी के साथ आज भारी बारिश हो रही है जिसके कारण सभी धामों में तापमान निरंतर गिरता जा रहा है लेकिन किसी भी मुश्किल से बेपरवाह श्रद्धालुओं का धामों में पहुंचने का सिलसिला जारी है। इस बीच एक बार फिर मौसम विभाग द्वारा 5 मई तक राज्य में खराब मौसम रहने की चेतावनी देते हुए कहा गया है कि इस दौरान यात्रियों तथा शासन प्रशासन

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

### मई माह में जले अलाव, 53 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

नैनीताल/रुद्रप्रयाग। लगातार हो रही बारिश व बर्फबारी के कारण मई के महीने में भी पहाड़ सर्दी से कांप रहे हैं। नैनीताल और रुद्रप्रयाग में पर्यटक और स्थानीय लोगों द्वारा सर्दी से बचने के लिए अलाव का सहारा लिया जा रहा है। दिन में भी लोग अलाव जलाकर आग सेक रहे हैं वहीं नैनीताल में पहुंचे पर्यटक गर्म कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं स्थानीय लोगों ने अपने गर्म कपड़े फिर से निकाल लिए, लोगों का कहना है कि इससे पहले 1971 में मौसम का ऐसा ही बदलाव देखा गया था। पहाड़ के अधिकांश जिलों में बीते 1 सप्ताह में या तो भारी बर्फबारी हुई है या फिर बारिश हो रही है जिससे तापमान में भारी गिरावट आई है।

## मंत्री जी की मारपीट का वीडियो हुआ वायरल

संवाददाता

देहरादून। मंत्री जी की मारपीट का वीडियो वायरल होने पर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। वहीं आम आदमी पार्टी ने इसपर तीखी प्रक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री से कार्यवाही की मांग की है।


आज यहां प्रदेश के वित्त, शहरी विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें साफ दिखायी दे रहा है कि किस तरह से मंत्री जी उनका गनर व अन्य सहयोगी एक व्यक्ति को सरेआम पीट रहे हैं। इस वीडियो के वायरल होने से राजनीति में चर्चाओं का बाजार गर्म होने लगा तो वहीं आम आदमी पार्टी ने भी अपनी तीखी प्रक्रिया जाहिर की।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र आनंद ने बयान जारी करते हुए मंत्री के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग मुख्यमंत्री से की है। वहीं सूत्रों के अनुसार पिटने वाले व्यक्ति की पहचान सुरेन्द्र नेगी निवासी शिवाजी नगर ऋषिकेश के रूप में हुई। सूत्रों के अनुसार जन



समस्याओं से जुडे मुद्दे को लेकर उक्त व्यक्ति वहां पर गया तथा अक्रोश में उसने मंत्री पर हमला कर दिया और उसके बाद मंत्री की टीम ने उसकी जमकर धुनाई कर दी। समाचार की पुष्टि के लिए जब पुलिस अधीक्षक देहात कमलेश उपाध्याय से फोन पर सम्पर्क किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। जिसके बाद ऋषिकेश कोतवाल से उनके सरकारी नम्बर 9411112815 पर सम्पर्क किया गया तो उन्होंने भी फोन नहीं उठाया। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पोते अरुण गांधी का निधन



कोल्हापुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पोते अरुण गांधी का आज 2 मई को निधन हो गया। उन्होंने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 89 की उम्र में अंतिम सांस ली। वो लंबे समय से बीमार चल रहे थे उनके बेटे ने बताया कि आज दोपहर 2 बजे के बाद कोल्हापुर में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। वो महात्मा गांधी के दूसरे बेटे मणिलाल के पुत्र थे।उनका जन्म 14 अप्रैल 1934 को दक्षिण अफ्रीका के डरबन में हुआ था। वह अपने दादा राष्ट्रपिता गांधी को अपना प्रेरणास्रोत मनाते थे। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलने का उन्होंने संकल्प लिया था। वे राइटर और एक्टिविस्ट के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने अपने दादा-दादी के जीवन पर कई किताबें लिखी है। जिनमें से कस्तुरबा, द फॉरगॉटन वुमन, द गिफ्ट ऑफ एंगर, ग्रैंडफादर गांधी', जैसी कई किताबें काफी फेमस है।

अरूणगांधीडॉटनेट वेबसाइट के एक लेख के अनुसार दक्षिण अफ्रीका में परवरिश के समय में उनको काफी रंगभेद के चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। वहां के लोग अक्सर उनके रंग के लेकर उनका मजाक उड़ाते थे। उसके बावजूद भी उन्होंने अपने दादा की तरह की अंहिसा को अपना हाथियार। और उसी के बल पर वहां के लोगों के दिल में अपने लिए अलग स्थान बनाया।

## शरद पवार का एनसीपी से इस्तीफा

मुंबई। शरद पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया है। जिसके बाद महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर से भूचाल आ गया। शरद पवार के इस फैसले से एनसीपी में हलचल मच गयी। उन्हें फैसला बदले के लिए मनाया जा रहा है। उन्हें मनाने की कोशिश में कई एनसीपी कार्यकर्ता रो पड़े। शरद पवार ने इसका संकेत दो दिनों पहले ही दे दिया था। अपने जीवन से जुड़ी एक किताब के विमोचन के मौके पर शरद पवार ने अध्यक्ष पद से इस्तीफे का जैसे ही ऐलान किया, वहां मौजूद पार्टी कार्यकर्ता हैरान रह गये। लेकिन पवार अपने इसी तेवर के लिए जाने जाते हैं। उनके बयान महाराष्ट्र की राजनीति में काफी मायने



रखते हैं। उन्होंने दो दिनों पहले ही अपने इस्तीफे के बारे में संकेत दे दिये थे। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा था कि भाखरी को पलट देना चाहिए। इसे पलटने में देरी नहीं करना चाहिए। इसका समय आ गया है। पवार की इस टिप्पणी को एनसीपी में बड़े बदलाव के संकेत के तौर पर देखा जा रहा था।

कुछ दिनों पहले खबर आयी थी कि अजित पवार अपने कुछ समर्थक विधायकों के साथ एनसीपी से बगावत कर सकते हैं और बीजेपी के साथ हाथ मिला सकते हैं। इस खबर पर शरद पवार का भी बयान आया था और कहा था कि यह फैसला व्यक्तिगत हो सकता है, लेकिन एनसीपी बीजेपी के साथ नहीं जाएगी। अजित पवार के बगावत की खबर के बाद ये भी कहा जाने लगा था कि एनसीपी कमजोर हो चुकी है। लेकिन शरद पवार ने अध्यक्ष पद से इस्तीफे की घोषणा कर एक बार फिर से पार्टी में जान फूंक दी है। समर्थक लगातार उनसे फैसला बदले की मांग कर रहे हैं। कई समर्थक तो उनके सामने रो रहे हैं। प्रफुल्ल पटेल ने कहा, इस्तीफे पर शरद पवार को विचार करना चाहिए। पवार जो चाहेंगे वही होगा।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# मुफ्त की रेवड़ी वाली राजनीति

भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बीते कुछ दिनों से अपनी चुनावी सभाओं में मुफ्त की रेवड़ियों की राजनीति करने वालों से लोगों को सावधान रहने की नसीहतें दी जा रही हों लेकिन वर्तमान की राजनीति के इस सच से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अब देश की राजनीति मुफ्त की रेवड़ियों के रास्ते पर निकल पड़ी हैं तथा आने वाले समय में सरपट दौड़ती दिखेंगी। कल भाजपा और कांग्रेस द्वारा कर्नाटक चुनाव के लिए जो अपना-अपना मेनिफेस्टो जारी किया गया है अगर उन पर एक नजर डालें तो वह इस बात की गवाही देते हैं कि अब मुफ्त की रेवड़ियो की राजनीति हर एक राजनीतिक दल की मजबूरी बन चुकी है। भले ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राजनीतिक समीक्षक मुफ्त की रेवड़ियों की राजनीति का जनक मानते हो लेकिन देश में 7-8 दशक पहले ही इसकी शुरुआत हो चुकी थी। बात सस्ते राशन की हो या फिर खाद बीज और रसोई गैस सिलेंडरों पर तथा पेट्रोल-डीजल आदि पर दी जाने वाली सब्सिडी की, यह सब गरीब व निम्न तबके के उत्थान के नाम पर दी जाने वाली मदद इसी का एक परिष्कृत रूप था। जिसे नए तरीके से अरविंद केजरीवाल और वर्तमान मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा देश के लोगों के सामने परोसने का काम किया गया। दिल्ली में मुफ्त बिजली-पानी देकर अरविंद केजरीवाल सत्ता में धमाकेदार एंट्री के बाद इसी फार्मूले के दम पर पंजाब में अपनी सत्ता कायम करने में कामयाब क्या हुए अब सभी राजनीतिक दलों को यह लगने लगा है कि यह एक कामयाब फार्मूला है। भले ही कांग्रेस ने देश में कंप्यूटर और डिजिटल इंडिया की नींव रखी हो लेकिन भाजपा ने इसका राजनीतिक फायदा उठाने के जो तरीके इजाद किए वह बेजोड़ साबित हुए। कर्नाटक चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मतदाताओं को यह समझाते दिखे कि कांग्रेस के समय में रुपए में 15 पैसे ही लाभार्थियों तक पहुंचते थे लेकिन अब 100 प्रतिशत लाभ सीधे उनके खाते में पहुंचता है। राजीव गांधी ने कभी कहा था कि भ्रष्टाचार देश की इतनी बड़ी समस्या है कि केंद्र से अगर किसी विकास योजना का एक रूपया दिया जाता है तो 15 पैसे ही लाभार्थियों तक पहुंचता है। अब भाजपा के कार्यकाल में लाभार्थियों को नगद नारायण के रूप में पैसा सीधे खाते में भेजा जा रहा है। भाजपा ने कर्नाटक के चुनावी घोषणा पत्र में 10 किलो मुफ्त राशन हर माह और साल में तीन मुफ्त गैस सिलेंडर तथा आध ा लीटर प्रतिदिन मुफ्त दूध देने की घोषणा की है किसान सम्मान निधि तथा अन्य निधियों को जो पहले से ही दी जा रही थी वह तो दी ही जा रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा इन मुफ्त की रेवड़ियों को मुफ्त की रेवड़ी न मानकर गरीब कल्याण और गरीबों के उत्थान की रेवड़िया बता रहे हैं तथा कांग्रेस द्वारा घर की महिला मुखिया को 2000 नगद तथा 200 यूनिट फ्री बिजली व महिलाओं को राज्य परिवहन की बसों में मुफ्त यात्रा को मुफ्त की रेवड़िया बता रहे हैं। कुल मिलाकर यह सब है तो मुफ्त की रेवड़ियां ही है और इन मुफ्त की रेवडियो को कोई भी दल अपने पार्टी फंड से नहीं बांट रहा है सभी जनता को अन्य करो के माध्यम से निचोड़ कर ही जनता के पैसे से जनता को मुफ्त की रेवड़िया बांटने का काम कर रहे हैं। भले ही यह आम आदमी की समझ से परे की चीज हो और इसके झांसे में आकर वह किसी को भी सत्ता में लाने का काम करें। लेकिन कुल मिलाकर यह मुफ्त की रेंवडियों की राजनीति देश व समाज के लिए अत्यंत घातक है क्योंकि इसकी आड़ में जन सरोकार और विकास के मुद्दे पीछे छूट रहे हैं। कर्नाटक के एक सर्वे में सामने आया है कि गरीबी व बेरोजगारी तथा भ्रष्टाचार राज्य की सबसे बड़ी समस्या है। 74 फीसदी लोगों का यही मत है लेकिन कर्नाटक के चुनाव में यह मुद्दे कहीं नहीं है गालियों, सांप बिच्छू और मुफ्त की रेवड़ियों पर ही चुनाव हो रहा है।

## पार्किंग से डाक्टर की मोटरसाईकिल चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने एम्स की पार्किंग से चिकित्सक की बुलेट मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार एम्स में ओर्थोपेडिक्स रूम में तैनात डा. पार्श्वनाथ बोदडे ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी बुलेट मोटरसाईकिल पार्किग में खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

*यदग्ने स्यामहं त्वं त्वं वा घा स्या अहम्।*
*स्युष्टे सत्या इहाशिषः॥*

(ऋग्वेद ८-४४-२३)

हे परमेश्वर ! यदि मैं और तुम एक हो जाए तो आपके सभी आशीर्वाद सत्य हो जाए। जीवन-मरण के चक्र से मुक्ति जब मिल जाती है तो आत्मा परमात्मा में विलीन हो जाती है परंतु उसमें वह पृथक-पृथक रहती है उसकी पहचान रहती है। वह परम आनंद की अनुभूति करती है।

O God ! If you and I become one, then all your blessings will come true. When salvation is attained from the cycle of life and death, the soul merges with the Supreme Soul, but it remains separate within it; its identity remains. The soul enjoys supreme bliss. (Rig Ved 8-44-23)

# परीक्षा और पाठ्यक्रमों की चुनौती को स्वीकारना होगा: प्रो. उभान

कार्यालय संवाददाता

नरेन्द्रनगर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अभी अपनी शुरुआती की स्थिति में है इसलिए पाठ्यक्रमों के निर्धारण, संचालन एवं परीक्षाएं आयोजित करने का यह संक्रमण कालीन समय है ,हमें इस चुनौती को स्वीकार कर नई शिक्षा नीति की आध ारशिला स्थापित करने के लिए कार्य करना है। यह वक्तव्य कॉलेज परीक्षा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर राजेश कुमार उभान में व्यक्त किए।



विदित हो कि धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेंद्र नगर की परीक्षा समिति द्वारा 18 मार्च से 29 अप्रैल के बीच लगभग डेढ़ महीने चली श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के परीक्षा कार्यक्रम को कालेज स्तर पर सफलतापूर्वक संपादित किया गया, इस सिलसिले में परीक्षा समिति द्वारा कॉलेज के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के आभार स्वरूप जलपान के साथ धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा केंद्र से व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के 36 एवं आधारभूत पाठ्यक्रमों 30 प्रश्न पत्रों के अलावा प्रायोगिक परीक्षाएं पृथक रूप से संपादित की गई । सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए कुल पंजीकृत 189 छात्र छात्राओं में से परीक्षा में सम्मिलित छात्रों का 98. 40% रहा । कार्यक्रम के अंत में परीक्षा प्रभारी डॉ नताशा एवं समिति के वरिष्ठ सदस्य डॉ राजपाल सिंह रावत ने कॉलेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए आभार प्रकट किया इस अवसर पर समिति के सदस्य डॉ हिमांशु जोशी, डॉ विजय प्रकाश, डॉ ज्योति शैली, शिशुपाल रावत अजय पुंडीर, मुनेंद्र एवं कॉलेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी विशेष रूप से मौजूद रहे।

# मुनस्यारी व धारचूला में शिक्षकों के रिक्त पदों पर खनिज फाउंडेशन से अस्थाई नियुक्ति देने की मांग



कार्यालय संवाददाता

पिथौरागढ़। जिपंस जगत मर्तोलिया ने विकास खंड मुनस्यारी तथा धारचूला में शिक्षकों के रिक्त पदों पर खनिज फाउंडेशन से अस्थाई नियुक्ति दिए जाने की मांग की। चिकित्सकों सहित मेडिकल स्टाफ की तैनाती में भी वरियता देने के लिए विशेष प्रयास करने का अनुरोध किया।

जिला अधिकारी रीना जोशी से मुलाकात कर जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने मुनस्यारी तथा धारचूला की शिक्षा तथा चिकित्सा क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि दोनों विकास खंडों में छात्र संख्या अव्वल है, लेकिन पढ़ाने के लिए शिक्षकों के सैकड़ों पद रिक्त चल रहे है।

जिला अधिकारी से खनिज फाउंडेशन से शिक्षकों के रिक्त पदों के सापेक्ष नियुक्ति किए जाने का अनुरोध किया। उन्हों ने कहा कि जिले के पिथौरागढ़,मूनाकोट,कनालीछीना विकास खंडों में कम छात्र संख्या में भी अधिक शिक्षक तैनात है। जिनका चार्ट उपलब्ध कराने के लिए मुख्य शिक्षा अधिकारी पिथौरागढ़ को आदेशित करने की मांग की।

जिपंस जगत मर्तोलिया ने विकास खंड मुनस्यारी तथा धारचूला से बाहर अटैच शिक्षकों की सूची उपलब्ध कराने की भी मांग भी की।

उन्होंने कहा कि नवनियुक्त चिकित्सकों तथा एएनएमो को भी चीन तथा नेपाल से लगे क्षेत्र मुनस्यारी तथा धारचूला विकास खंडों में नियुक्त नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय के आप पास सुविधाजनक स्थानों में इनकी नियुक्ति की जा रही है,जो गलत है। उन्होंने इस पर भी हस्तक्षेप करने की मांग की।

जिला अधिकारी से मुनस्यारी तथा धारचूला विकास खंडों की शिक्षा तथा चिकित्सा क्षेत्र की बदहाली को दूर करने के लिए तत्काल कदम उठाने के लिए समयबद्ध आदेश अपने महातत अधि कारियों को देने की मांग भी रखी।

जिला अधिकारी रीना जोशी ने आश्वासन दिया है कि उनकी मांगों पर समुचित कार्यवाही की जाएगी

# देहरादून जू के पास तेज साउण्ड पर अंकुश लगाने की मांग

नगर संवाददाता

देहरादून मालसी डियर पार्क (देहरादून जू) के निकट खोले गये होटल व रिसार्ट में तेज ध्वनि के साथ बजने वाले डीजे साउण्ड पर पाबंदी लगाये जाने की मांग को लेकर आज कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा उत्तराखण्ड के वन एंव पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल को ज्ञापन सौंपा गया है।



ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस नेताओ ने कहा है कि मालसी डियर पार्क जो कि वर्तमान में देहरादून जू के नाम से स्थापित किया गया है तथा जिसमें बाहर से भी कई जानवरों को लाया गया है, के निकट बने होटलों, रिसार्ट एंव वैडिंग प्वांइट में तेज ध्वनि के साथ बजने वाले डीजे साउण्ड के कारण जू में रखे गये जानवरों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। कहा है कि इस सम्बन्ध में स्थानीय जनता व पशु प्रेमियों द्वारा कई बार वन विभाग व शासन प्रशासन को अवगत करते हुए इस पर प्रतिबन्ध लगाने का अनुरोध किया गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो पायी है। साथ ही यहां लगातार हो रहे निर्माण के कारण देहरादून जू का भविष्य खतरे में पड़ रहा है। उन्होने वन एंव पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल से मांग की है कि इस तेज ध्वनियों पर तत्काल अंकुश लगाया जाये ताकि बेजुबान जानवर परेशान न हो। इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा, पूर्व विधायक राजकुमार, दीप बोहरा, भरत शर्मा व नीरज नेगी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों को गरम पानी के साथ देखभाल की है उचित व्यवस्था



कार्यालय संवाददाता

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ यात्रा मार्ग में संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों के साथ किसी प्रकार की कोई क्रूरता न हो तथा बीमार एवं कमजोर घोड़े-खच्चरों का संचालन यात्रा मार्ग में न हो तथा घोड़े-खच्चरों को गरम पानी मुहैया कराने एवं उनकी निरंतर निगरानी करने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा पूर्व में ही पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देशन में यात्रा मार्ग में संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों के साथ किसी प्रकार से कोई पशु क्रूरता न हो उसकी निगरानी के लिए 30 सदस्यीय म्यूल टास्क फोर्स तैनात की गई है तथा घोड़े-खच्चरों चिकित्सा सुविधा हेतु 7 पशु चिकित्सकों एवं 6 पैरावेट की तैनाती की गई है। यात्रा मार्ग में घोड़े-खच्चरों को गरम पानी उपलब्ध कराए जाने के लिए 13 स्थानों पर बिजली से संचालित गरम पानी के गीजर लगाए गए हैं तथा सौर ऊर्जा द्वारा संचालित 4 गरम पानी के गीजर केदारनाथ घोड़ा पड़ाव, भीमबली, लिनचोली तथा गौरीकुंड घोड़ा पड़ाव में लगाए गए हैं। उन्होंने अवगत कराया है कि घोड़े-खच्चरों के चिकित्सा उपचार हेतु 4 स्थानों जिसमें सोनप्रयाग, गौरीकुंड, बड़ी लिनचोली तथा केदारनाथ रुद्रा प्वाइंट पर एमआरपी बनाई गई है जिनमें डॉक्टरों द्वारा घायल व बीमार घोड़े-खच्चरों का निरंतर स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया जा रहा है। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देशन में इस यात्रा में गरम पानी सहित घोड़े-खच्चरों की देखभाल हेतु उचित प्रबंधन किया गया है। जहां पिछले वर्ष की यात्रा के प्रथम सप्ताह में 19 घोड़े-खच्चरों की मृत्यु हुई थी तथा इस वर्ष की यात्रा के प्रथम सप्ताह में 03 घोड़े-खच्चरों की मृत्यु हुई है। उन्होंने कहा कि घोड़े-खच्चरों के साथ किसी प्रकार की क्रूरता न हो इसके लिए तैनात डॉक्टरों एवं कार्मिकों द्वारा निरंतर निगरानी की जा रही है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि नियमों का पालन न करने वाले 61 घोड़े-खच्चरों व मालिकों का चालान किया गया है तथा यात्रा में संचालित न किए जाने वाले 32 घोड़े-खच्चरों को ब्लॉक किया गया है तथा 02 व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# नेताजी संघर्ष समिति ने आयोजित की श्रद्धांजलि सभा

संवाददाता

देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति ने मई दिवस पर दिवंगत श्रमिकों को श्रद्धाजलि दी। यहां नेताजी संघर्ष समिति के कार्यालय कांवली रोड पर मई दिवस के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। स्मरण रहे कि 1 मई को शिकागो रूस के अंदर श्रमिकों की एक सभा के दौरान उपद्रव होने के कारण कई श्रमिकों की जान चली गई थी जिसमें कई हजार श्रमिक काल के गर्भ में समा गए थे इसी कारण मई दिवस पूरे भारत में मनाया जाता है। समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और महासचिव आरिफ वारसी ने सरकार से श्रमिकों के उत्थान हेतु व्यापक कदम उठाने का आग्रह किया है। श्रमिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में प्रभात डंडरियाल आरिफ वारसी राम सिंह कश्यप ,सुशील विरमानी ,प्रदीप कुकरेती ,अरुण खरबंदा, विपुल नौटियाल ,आदि लोग शामिल रहे।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# जिला चिकित्सालय में पैलेटिव केयर वार्ड व आयुष्मान कियोस्क कक्ष का शुभारंभ



कार्यालय संवाददाता

रुद्रप्रयाग। जनपद रुद्रप्रयाग के जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए दो और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिसमें पैलेटिव केयर वार्ड (पुरुष व महिला) तथा आयुष्मान कियोस्क कक्ष का शुभारंभ आज विध ायक रुद्रप्रयाग श्री भरत सिंह चौधरी एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो इस दिशा में दो और नई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं जिसमें असाध्य रोग से पीड़ित लोगों को इसमें सुविधा मिलेगी जिसके लिए महिला एवं पुरुषों दोनों के लिए यह सुविधा उपलब्ध होगी जिसमें रिमोट से संचालित बेड हैं जिसमें सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिन व्यक्तियों के द्वारा आयुष्मान कार्ड नहीं बनाए गए हैं उनके लिए आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए एक अतिरिक्त आयुष्मान कियोस्क कक्ष भी तैयार किया गया है जिसमें तत्काल आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। उन्होंने जनपद वासियों से अपेक्षा की गई है कि जिनके द्वारा अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बनाए गए हैं वे सीएचसी, पीएचसी में अपने कार्ड बना सकते हैं तथा योजना का लाभ उठाकर 5 लाख तक का मुफ्त ईलाज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में और भी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं जिससे कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि जिला चिकित्सालय में चिकित्सा सुविधा बेहतर की जा रही हैं जिसके लिए आज महिला एवं पुरुषों के लिए 6-6 बेड का पैलेटिव केयर वार्ड का शुभारंभ किया गया है जिसमें असाध्य रोग से पीड़ित मरीजों को इसका लाभ उपलब्ध होगा। इसके साथ ही अटल आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कियोस्क कक्ष भी बनाया गया है जिसके माध्यम से जिन लोगों द्वारा अभी तक अपने आयुष्मान कार्ड नहीं बनाए गए हैं उनके कार्ड तत्परता से बनाए जाएंगे तथा संचालित योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव पाल सिंह ने अवगत कराया है कि जिला चिकित्सालय में 3 लाख की लागत से पुरुष एवं महिला पैलेटिव केयर वार्ड तैयार किया गया है तथा 1 लाख 27 हजार की लागत से आयुष्मान कियोस्क कक्ष का निर्माण किया गया है तथा 2 लाख 44 हजार से बायोमेडिकल वेस्ट के कार्य किए गए हैं तथा जिला चिकित्सालय में काउ कैचर तथा क्षतिग्रस्त नालियों एवं टाइप-4 आवास में रंगाई-पुताई का 2 लाख 48 हजार की लागत से कार्य किया गया है। इसके साथ ही 2 लाख 23 हजार की लागत से जिला चिकित्सालय में गार्ड रूम के अलावा अन्य अनुरक्षण कार्य किए गए हैं।

इस अवसर पर डॉ. राजीव गैरोला, तृप्ति बिष्ट सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# आप्रेशन मुक्ति अभियान से आ रही है मासूमों के चेहरे पर मुस्कान

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। जरूरी नहीं रोशनी चिरागों से ही हो, शिक्षा से भी घर रोशन होते हैं, यह बात जनपद हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाये जा रहे 'आप्रेशन मुक्ति अभियान' से साबित हुई है। जिससे भिक्षावृत्ति कर रहे कई बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखी जा रही है।



भिक्षावृत्ति, कुड़ा बीनने, गुब्बारे बेचने आदि कार्यों में लिप्त बच्चों को समाज की मुख्यधारा में जोड़कर उनके लिए शिक्षा के द्वार खोलने के लिए मुख्यालय स्तर पर मिले निर्देशों के आधार पर एसएसपी अजय सिंह द्वारा जनपद हरिद्वार में 4अलग-अलग टीमें गठित की गई थी। 1 मार्च से 31 मार्च 2023 तक अभियान के प्रथम चरण में पूर्व में सत्यापित कुल 638 बच्चों का पुन: सत्यापन किया गया तो 132 बच्चे विद्यालयों में अध्ययनरत थे खानाबदोश जीवनयापन कर रहे शेष 506 बालक-बालिकाओं में से अधिकांश के हरिद्वार से पलायन करने के कारण अनेक कठिनाइयों का सामना करने के उपरांत टीमों द्वारा 79 बच्चों की तलाश की गई तथा उनसे व उनके अभिभावकों से बातचीत कर काउंसलिंग के उपरांत उक्त 79 बच्चों का विद्यालयों में पुन: प्रवेश कराया गया 1 अप्रैल 2023 से शुरु किए गए अभियान के द्वितीय चरण में टीमों द्वारा ऑपरेशन मुक्ति अभियान के प्रचार प्रसार हेतु लगातार जन जागरूकता, गोष्ठियों एवं बस्तियों, कॉलोनियों, गांव, विद्यालय में जाकर लघु गोष्ठियों का भी आयोजन किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं को बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बालविवाह, बन्धुआ मजदूरी, साईबर अपराध से सम्बंधित जानकारी (1930),चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098,महिला हेल्प लाइन नम्बर 1090, महिला उत्पीड़न, उत्तराखण्ड पुलिस एप को इंस्टाल करने की प्रक्रिया,मानव/ मानव अंगों की तस्करी के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

जनपद के विभिन्न धार्मिक स्थलों, स्कूल, कालेज एवं सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक, शार्ट फिल्म, पोस्टर, बैनर एवं ध्वनि विस्तारण यंत्र के माध्यम से आमजन को असहाय/ गरीब बच्चों को भिक्षा के बजाए शिक्षा देने के लिए प्रेरित करते हुए पूरे जनपद में 475 नए बच्चों को चिन्हित कर सत्यापन अभियान चलाया गया। उक्त बालक बालिकाओं में से 263 बच्चों का जनपद के अलग-अलग प्राथमिक विद्यालय/आंगनबाड़ी में दाखिला कराया गया। शेष बच्चों के विद्यालय में दाखिले हेतु विभिन्न प्रमाण पत्र संग्रहित करने की प्रक्रिया प्रचलित है। जिसकी स्थानीय लोगों द्वारा एवं बाहरी राज्यों से आने वाले यात्रियों द्वारा भी प्रशंसा की जा रही है।

इसके अतिरिक्त एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा 1 मार्च 2023 से अभी तक 12 बच्चों का रेस्क्यू कर उक्त में से 11 बच्चों को सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द किया जा चुका है। शेष 1 बच्चे को बाल संरक्षण गृह में दाखिल कर परिजनों की तलाश की जा रही है।

# आईलेट्स की परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह के 03 सदस्य गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। एसटीएफ ने आईलेट्स की परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। अब एसटीएफ की नजर परीक्षा कराने वाले कोचिंग सेन्टरों पर भी है जिनकी छानबीन की जायेगी।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि विगत माह में एसटीएफ कार्यालय पर दिल्ली के एक ट्रांसपोर्टर कुलदीप सिंह दीगरा गुडगांव द्वारा आईलेट्स की परीक्षा में हुयी गड़बड़ी की शिकायत की गयी थी इसके अलावा आईलेट्स की परीक्षा देने वाले कुछ अभ्यर्थियों द्वारा एक शिकायती प्रार्थना पत्र प्रेषित किया गया था,जिसमें बताया गया था कि उनके द्वारा आईलेट्स का एग्जाम दिया गया है और उनको जानकारी मिली है कि उनकी आन्सर शीट व ओएमआर शीट के साथ हेरफेर की गयी है, जिससे उनके भविष्य से खिलवाड़ हुआ है। इस सूचना पर एसटीएफ द्वारा जांच शुरू की गयी तो जानकारी हुयी कि भारत में आईडीपी आईइएलटीएस(इंटरनेशनल इंग्लिश लेग्वेज टेस्टिंग सिस्टम) एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन करवाते हैं। यह एक इंग्लिश लैग्वेज टेस्ट है। एसटीएफ द्वारा इस प्रकरण में अभ्यर्थियों की शिकायत पर गम्भीरतापूर्वक जांच शुरू की गयी जांच के दौरान एसटीएफ द्वारा सीसीटीवी फुटेज सीडीआर और बैंक खातों का विश्लेषण किया गया तो पाया कि 25/26 फरवरी 23 की रात्रि में देहरादून में कन्टेनर चालक जितेन्द्र के खाते में कुछ धनराशि यूपीआई के माध्यम से जमा करायी गयी थी जिनकी जांच की गयी तो पंजाब लुधियाना से एक व्यक्ति समिन्दर मंडी द्वारा ये रूपये चालक जितेन्द्र के खाते में जमा कराये गये थे। जिसके बारे में छानबीन की गयी तो समिन्दर मण्डी का पिछले कुछ सालों से आईलेट्स की परीक्षा की तिथियों में देहरादून आना पाया गया तथा यहा के लोकल ट्रासपोर्टर्स से सम्पर्क कर वाहनों को किराये पर लेना पाया गया। जांच के दौरान परीक्षा आयोजित कराने वाली कम्पनी आईडीपी के प्रतिनिधि जयदीप सिंह (हेड क्वालिटी एंड कंप्लायंस ऑफीसर) पूछताछ की गयी। इस सम्बन्ध में कन्टेनर चालक जितेन्द्र को एसटीएफ कार्यालय से पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि इस परीक्षा के कुछ रोज पहले समिन्दर मण्डी, साहिल कुमार और एक अन्य तीन व्यक्तियों ने उसे बुलाकर मे आईलेट्स परीक्षाओं की ओएमआर शीट कुछ देर के लिये उन्हें सुपुर्द करने की एवज में 3,00000 रूपये देने तय किये गये। जिससे वह लालच में आ गया उसने इस काम के लिये अपने ब्लू डार्ट कम्पनी के मैनेजर शब्बीर खान को भी साथ में मिला लिया. तय योजना के अनुसार 25 फरवरी 2023 को देहरादून से रवाना होकर मोहन्ड का जंगल पार करते उसने गाड़ी की साईड में खड़ा कर दिया। वहां पर समिन्दर मण्डी और साहिल ने उसकी गाड़ी से पीछे लगा लॉक को पेचकस के माध्यम से खोलकर उसके अन्दर रखा आईलेट्स के पेपर का सूटकेश अपने कब्जे में ले लिया और उसको आगे-आगे चलकर दिल्ली बार्डर पर मिलने को कहा। दिल्ली बॉर्डर पर पहुंचने पर शमिंदर मंडी और साहिल द्वारा ओएमआर शीट वाला सूटकेस फिर ट्रक में रखकर लॉक लगा दिया। कन्टेनर गाड़ी में आईलेट्स वाला कुरियर कहाँ पर रखा गया है, इस बात की जानकारी उसने कम्पनी के शब्बीर खान द्वारा व्हटसएप के माध्यम से समिन्दर मन्दी को दी जाती।. एसटीएफ ने इस प्रकरण में जितेन्द्र पुत्र जयराम निवासी हरदोई, साहिल पुत्र सतीश कुमार निवासी लुधियाना व शब्बीर खान पुत्र सुजात अली निवासी माजरा पटेलनगर को गिरफ्तार कर लिया तथा मास्टर माइंड समिन्दर की तलाश जारी है।



# खाते से निकले 82 हजार रूपये, मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। पूर्व सैनिक के खाते से 82 हजार रूपये निकलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय कालोनी मोहिनी रोड निवासी मदन मोहन नेगी ने एडीजी लॉ एण्ड आर्डर को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह पूर्व सैनिक है। 28 नवम्बर 2022 को मोबाइल के माध्यम से उसके इंटरनेट बैंकिंग से 82000 रूपए का फ्राड किया गया जिसकी उसने तुरंत संबंधित बैंक एस.बी.आई. मेन ब्रांच देहरादून को पंजीकरण 28 नवम्बर 2022 के अनुसार सूचित कर दिया था। इसके साथ ही उसने साईबर क्राईम शाखा देहरादून को उनके वाटसप नम्बर पर 28 नवम्बर 2022 को सायं 6.28 मिनट पर शिकायत कर दी थी। इस संबंध में साईबर क्राईम शाखा देहरादून से उसको कोई मैसेज नहीं मिला है। एडीजी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# वजन कम करने के लिए फायदेमंद है आंवला



आंवला सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन सी, फाइबर, कैल्शियम, आयरन, पोटैशियम, फ्लैवोनोइड्स और एंटीऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। आंवले का सेवन करने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं। इसमें मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। आंवले में मौजूद गुण डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के खतरे को कम करने में बहुत प्रभावी होते हैं। इसके अलावा, वजन कम करने के लिए आंवले का सेवन बहुत लाभकारी माना जाता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से शरीर में मौजूद एक्स्ट्रा फैट तेजी से बर्न होता है। आंवले में एंटी-ओबेसिटी गुण होते हैं, जो वजन घटाने का काम करते हैं। इसके नियमित सेवन से शरीर का मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और शरीर में ऊर्जा की खपत बढ़ती है। अब सवाल यह उठता है कि वजन घटाने के लिए आंवला कैसे खाएं? तो चलिए, डायटीशियन अबरना मैथ्यूवनन से जानते हैं वजन कम करने के लिए खीरे का सेवन कैसे करें -

वजन कम करने के लिए आंवला कैसे खाएं?

आंवले का जूस

अगर आप वजन कम करना चाहते हैं, तो अपनी डाइट में आंवले का जूस शामिल कर सकते हैं। रोजाना सुबह खाली पेट आंवले का जूस पीने से शरीर में जमा विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाएंगे और वजन घटाने में मदद मिलेगी। आंवले का जूस बनाने के लिए आप 1-2 आंवला लें। इसे अच्छी तरह से धोकर काट लें और इनके बीज निकाल दें। अब इन्हें मिक्सी में डालकर इनका जूस तैयार कर लें। नियमित रूप से आंवले का जूस पीने से बैली फैट कम करने में भी मदद मिल सकती है।

आंवला पाउडर

आप चाहें तो वजन कम करने के लिए आंवला पाउडर का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके लिए आप एक चम्मच आंवला पाउडर को गुनगुने पानी के साथ लें। रोज सुबह खाली पेट पानी के साथ आंवला पाउडर लेने से वेट लॉस में काफी मदद मिल सकती है। साथ ही, पेट साफ करने में भी मदद मिलेगी।

खाली पेट खाएं आंवला

सुबह खाली पेट आंवला खाने से भी आपको वजन घटाने में मदद मिल सकती है। आंवले में प्रचुर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है। खाली पेट आंवला खाने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है और मेटाबॉलिज्म को भी बढ़ावा मिलता है। इससे शरीर में जमा एक्स्ट्रा चर्बी बर्न होती है और वजन कम होता है।

आंवला और एलोवेरा जूस

वजन कम करने के लिए आंवला और एलोवेरा जूस का सेवन करना बहुत फायदेमंद होता है। इसके लिए आप दो चम्मच एलोवेरा जूस और दो चम्मच आंवला जूस लें। इन दोनों को एक गिलास गुनगुने पानी में मिलाकर पी लें। आप रोज सुबह खाली पेट आंवला और एलोवेरा जूस पी सकते हैं। नियमित रूप से इन जूस का सेवन करने से वजन कंट्रोल करने में काफी मदद मिल सकती है।

अगर आप भी वजन कम करना चाहते हैं, तो इन तरीकों से आंवला का सेवन कर सकते हैं। हालांकि, अगर आप प्रेग्नेंट हैं या किसी बीमारी से जूझ रहे हैं, तो इसका सेवन करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें। (आरएनएस)



## शब्द सामर्थ्य -003


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 02 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | | | स |
| ट | | भ | ला | ई | | अ | स | म |
| ना | म | | | स | मा | धि | | झ |
| | ज | | बे | | न | का | र | ना |
| बा | बू | | आ | य | क | र | | |
| | र | की | ब | | | | प्र | था |
| ज | | | रू | प | क | | ज | न |
| हा | | पा | | ना | म | ची | न | |
| ज | हां | प | ना | ह | | ता | न | ना |

## लॉकअप 2 में हुई निक्की तंबोली की एंट्री

सलमान खान के शो बिग बॉस के बाद अब दर्शकों के बीच कंगना रनौत के लॉकअप सीजन 2 की चर्चा है। हर कोई इस शो का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, तो वहीं सोशल मीडिया पर भी लॉकअप 2 से जुड़ी बड़ी-बड़ी जानकारियां सामने आ रही हैं। एकता कपूर अपने इस शो को काफी ग्रैंड बनाने की तैयारी में जुटी हुई हैं। इस वजह से इस रियलिटी शो के लिए टीवी के कई बड़े स्टार्स को अप्रोच किया गया है। लॉकअप 2 की टीम ने बिग बॉस के कई कंटेस्टेंट से भी बात की। वहीं, अब एकता कपूर के इस शो के लिए निक्की तंबोली को अप्रोच किया गया है, जो बिग बॉस में धमाल मचा चुकी हैं। दरअसल एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि निक्की तंबोली, एकता कपूर के रियलिटी शो लॉकअप 2 में धुंआ उड़ा सकती हैं। निक्की तंबोली और शो के मेकर्स के बीच अभी बातचीत जारी है और अगर सब कुछ तय हो जाता है तो एक्ट्रेस इस शो में दमदार एंट्री मारेंगी। निक्की तंबोली का एकता कपूर के शो में आना टीआरपी के लिए काफी फायदेमंद होगा। बिग बॉस 14 में निक्की के बेबाक अंदाज को काफी पसंद किया गया था। लोगों की डिमांड पर निक्की शो में वापिस भी आई थीं। ऐसे में अगर वह लॉकअप में आती हैं, जो यह फैंस के लिए एक ट्रीट होगी। बता दें कि लॉकअप का पहला सीजन एकता कपूर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर लेकर आई थीं, जिसे दर्शकों का अच्छा खासा रिस्पॉन्स मिला। इसे देखते हुए ही

## सारा अली खान ने पूरी की मर्डर मुबारक की शूटिंग, शेयर की तस्वीर

बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान आने वाले दिनों में एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगी। मर्डर मुबारक उनकी आने वाली बहुचर्चित फिल्मों में शुमार हैं। सारा के प्रशंसक उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब सारा ने मर्डर मुबारक की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म में सारा के साथ करिश्मा कपूर, विजय वर्मा, संजय कपूर, पंकज त्रिपाठी, डिंपल कपाड़िया और टिस्का चोपड़ा जैसे कलाकार भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। संजय ने पिछले दिनों अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर मर्डर मुबारक की टीम के साथ कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मर्डर मुबारक की शूटिंग पूरी हो चुकी है। शानदार टीम। धमाका। हर किसी को याद करूंगा। इसके अलावा करिश्मा ने भी अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मुबारक की शूटिंग खत्म। हमने पार्टी में डिंपल और पंकज को याद किया। बहुत शानदार टीम है। इसके अलावा सारा जरा हटके जरा बच के रोमांटिक ड्रामा फिल्म में विक्की कौशल के साथ नजर आएंगी।

## बॉबी देओल, रणबीर कपूर ने पूरी की एनिमल की शूटिंग

बॉबी देओल और रणबीर कपूर की अपकमिंग फिल्म एनिमल की शूटिंग हाल ही में पूरी हुई। ऑनलाइन सामने आए एक वीडियो में दोनों एक्टर्स सेट पर रैप-अप पार्टी करते नजर आ रहे हैं और केक काट रहे हैं। वीडियो में पूरी टीम को जश्न मनाते हुए देखा जा सकता है। शूटिंग खत्म करते हुए, बॉबी ने कहा, सेट पर बिताया गया हर पल शानदार था। रणबीर के साथ काम करने में काफी मजा आया, वह अच्छे को-स्टार हैं और एनीमल की पूरी टीम बहुत खुश है। मैं उत्साहित हूं और रिलीज का इंतजार कर रहा हूं। बॉबी के नए लुक में उनका दमदार और मस्कुलर अवतार है। फिल्म के अपने किरदार के लिए उन्होंने अपनी फिजिस्क पर खूब मेहनत की है। एनिमल का निर्माण भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी के सिने1 स्टूडियो और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स द्वारा किया गया है। फिल्म में अनिल कपूर और रश्मिका मंदाना भी हैं। यह 15 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

## खुशी दुबे ने फूड प्वाइजनिंग के बावजूद आशिकाना 3 की शूटिंग की

स्ट्रीमिंग सीरीज आशिकाना 3 में चिक्की की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री खुशी दुबे को हाल ही में फूड पॉइजनिंग का पता चला था, लेकिन उन्होंने समय सीमा को पूरा करने के लिए अपने हिस्से की शूटिंग जारी रखी। खुशी ने अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा, मैं फूड पॉइजनिंग से पीड़ित थी और मैं ठीक नहीं थी।

मैं पूरे दिन बिना पानी के रही, असहज और उल्टी महसूस कर रही थी। मैं कुछ भी नहीं खा सकती थी और पूरा दिन बिना भोजन के बिताती थी। उस दौरान मुझे एक चुनौतीपूर्ण सीक्वेंस की शूटिंग करनी थी, जहां चिक्की पागलखाने से बाहर चली जाती है।खुशी ने खुलासा किया कि शो के सेट पर एक डॉक्टर ने उनसे मुलाकात की और उन्हें कुछ दवाएं दीं, ताकि वह काम कर सकें। खुशी ने कहा, मुझे अपनी बॉडी लैंग्वेज के माध्यम से चीखना, चिल्लाना और सारा दर्द, गुस्सा और पागलपन दिखाना था। वास्तव में, डॉक्टर सेट पर आए और उन्होंने मुझे दवाइयां दीं, ताकि मैं इस सीक्वेंस की शूटिंग जारी रख सकूं। शो की निर्माता गुल मैम ने मुझे आराम करने के लिए कहा था, चाहे शेड्यूल कितना भी टाइट और हेक्टिक क्यों न हो। आशिकाना का तीसरा सीजन डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है।

# रकुल प्रीत ने एक बार फिर इंटरनेट पर मचा दी सनसनी



बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने ग्लैमरस लुक्स और स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी चर्चाओं में आ जाती हैं। हालांकि लोग उनके स्टाइल को देखकर अक्सर उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में उनकी लेटेस्ट तस्वीरों में एक्ट्रेस रकुल ने काफी रिवीलिंग गाउन पहना हुआ है जिसे देख कर फैंस अपना दिल हार गए हैं। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर एक बार फिर से इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस का हॉट लुक देख कर फैंस उनकी तारीफ को पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस अपने हर लुक में बेहद ही शानदार लगती हैं। उनका मेकअप भी हमेशा ऑन प्वॉइंट रहता है। अपनी इन लेटेस्ट तस्वीरों में रकुल प्रीत ने रेड कलर का फ्रंट-कट गाउन पहना हुआ है जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस दिखाई दे रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपना डीपनेक क्लीवेज फ्लॉन्ट करते हुए बेहद ही सेक्सी पोज दे रही हैं। उन्होंने अपने इस आउटफिट को और भी ज्यादा खूबसूरती से निखारने के लिए लाइट मेकअप और बालों को स्टाइलिश लुक में बांधा हुआ है एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और उनकी इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है। बता दें कि अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह अपनी एक्टिंग के साथ-साथ शानदार लुक्स के लिए भी जानी जाती हैं।

# 8 एएम मेट्रो 19 मई को रिलीज होने की उम्मीद




अपकमिंग फिल्म 8 एएम मेट्रो में गुलशन देवैया और सैयामी खेर लीड रोल में हैं। यह दो किरदारों की एक असामान्य कहानी है, जिन्हें नियति मिलाने का काम करती है। प्रसिद्ध गीतकार, फिल्म निर्माता और कवि गुलजार ने अपने बांद्रा स्थित घर पर लेखक-निर्देशक राज आर के पोस्टर का अनावरण किया।

अनुभवी कलाकार ने फिल्म के लिए अपनी छह कविताओं का योगदान दिया है।फिल्म, राज राचकोंडा द्वारा निर्देशित एक भावनात्मक कहानी है। इसके 19 मई को रिलीज होने की उम्मीद है।फिल्म और गुलजार के योगदान के बारे में बोलते हुए, निर्देशक ने कहा, यह दो अजनबियों की कहानी है जो अनजाने में मेट्रो में एक-दूसरे से टकराते हैं और दोस्ती हो जाती है, इस प्रक्रिया में वह खुद को और एक-दूसरे को ढूंढते हैं।

इस उदार भाव के लिए गुलजार साहब को धन्यवाद देना बेहद छोटा शब्द है। मैं उनके प्रति कृतज्ञता की गहरी भावना महसूस करता हूं।सैयामी एक 29 वर्षीय गृहिणी इरावती की भूमिका निभा रही हैं, जिसका जिंदगी काफी उलझनें भरी है। उसे अपनी गर्भवती बहन को देखने के लिए हैदराबाद जाना पड़ता है, जो बीमार होने के चलते बिस्तर से उठ नहीं सकती।

जिंदगी के ताने-बानों से लड़ने के दौरान उसकी मुलाकात प्रीतम से होती है। जिसका किरदार गुलशन निभा रहे हैं। वह एक बैंकर है। सफर के दौरान दोनों की कई मुलाकातें होती है। फिल्म को डिस्ट्रीब्यूट शिलादित्य बोरा की प्लाटून डिस्ट्रीब्यूशन कर रही है।

# पठान वर्सेज टाइगर की आधिकारिक घोषणा

शाहरुख खान की फिल्म पठान के बाद उनकी अगली फिल्म जवान की खूब चर्चा हो रही है। वहीं सलमान और शाहरुख की अगली फिल्म पठान वर्सेज टाइगर की आधिकारिक घोषणा हो गई है।अप्रैल माह में इसको लेकर यशराज फिल्म्स की ओर से एक थीम वीडियो साझा किया था, जिसमें सलमान और शाहरुख का धांसू अवतार नजर आ रहा है। हालांकि यह सीन शाहरुख खान की फिल्म पठान का है, लेकिन इसके जरिए मेकर्स ने इस बात को साफ कर दिया है कि फिल्म में सलमान और शाहरुख खान नजर आने वाले हैं।

शाहरुख खान की फिल्म पठान को लेकर फैंस में जबर्दस्त क्रेज देखने को मिला था। कुछ ऐसा ही क्रेज सलमान खान की आने वाली फिल्म किसी का भाई किसी की जान को लेकर देखने को मिल रहा है। सलमान का कोई फैन फिल्म के लिए पूरा थिएटर बुक करा रहा है तो वहीं कई फैंस इस फिल्म के टिकट की होड़ में हैं। इन सबको देखते हुए इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि पठान वर्सेस टाइगर भी इसी तरीके से बड़ी फिल्म बनकर उभर सकती है।

इस फिल्म में सलमान खान और शाहरुख खान एक दूसरे के खिलाफ जंग लड़ते नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का भी निर्देशन सिद्धार्थ आनंद करने वाले हैं। फिल्म के बजट की बात करें तो खबरों के अनुसार पठान वर्सेज टाइगर का बजट २०० से २५० करोड़ के बीच रखा गया था। लेकिन अब इस फिल्म का बजट ३०० करोड़ रुपये रखा गया है।

खबरें तो यह भी हैं कि इस फिल्म में जोया और रुबीना यानि दीपिका और कटरीना भी नजर आने वाली हैं। दोनों ही अभिनेत्रियां इस फिल्म में पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट का किरदार निभाती नजर आ सकती हैं। हालांकि अभी तक मेकर्स ने इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। खबरों के अनुसार हॉलीवुड स्टार जेसन मामोआ इस फिल्म में बतौर विलेन के किरदार में नजर आ सकते हैं। जेसन को इससे पहले गेम ऑफ थ्रोन्स में भी देखा जा चुका है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान रिलीज होने वाली है। वहीं शाहरुख खान भी जवान और डंकी शूटिंग में व्यस्त नजर आ रहे हैं। वहीं कटरीना कैफ के पास पाइपलाइन में जी ले जरा और टाइगर फ्रेंचाइजी की फिल्में हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान रिलीज होने वाली है। वहीं शाहरुख खान भी जवान और डंकी शूटिंग में व्यस्त नजर आ रहे हैं। वहीं कटरीना कैफ के पास पाइपलाइन में जी ले जरा और टाइगर फ्रेंचाइजी की फिल्में हैं।

# मुद्दा : जेल में भी जिंदगी से जद्दोजहद

सुशील देव

एक तो जेल। उसके अंदर भी परेशानी। देश में ज्यादातर जेलों की हालत खराब है। कुछ तो बेहतर हालत में हैं, मगर अधिकांश जेलों में क्षमता से अधिक कैदी भरे हुए हैं।

इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि भीड़-भाड़ वाले जेलों में कैदियों की हालत क्या होती होगी? किस तरह से उन्हें शौच-पेशाब, नहाना-खाना या सोने-बैठने में दिक्कत आती होगी। मीडिया के जरिए समय-समय पर जेलों की ऐसी व्यथा-कथा बाहर आती रहती है। मगर इसे लेकर न तो जेल प्रशासन और न ही सरकार के स्तर पर किसी प्रकार की गंभीरता देखी जाती है। सनद रहे कि सर्वोच्च अदालत तक चिंता जता चुकी है कि जेलों में क्षमता से अधिक कैदी रखना मानवाधिकार का उल्लंघन है।

विशेषज्ञों के मुताबिक खास तौर पर विचाराधीन कैदियों का लंबे समय तक जेलों में बने रहना चिंता का विषय है। 197० में राष्ट्रीय जेल जनगणना से पता चला था कि जेल के 52 फीसद कैदी मुकदमे की प्रतीक्षा कर रहे थे। तब से धीरे-धीरे यह सिलसिला आगे ही बढ़ रहा है। यानी जेल में भीड़-भाड़ को कम करना है तो विचाराधीन कैदियों की संख्या को काफी कम करना होगा। भले ही यह अदालतों के बिना संभव नहीं, परंतु इस दिशा में न्याय प्रणाली के तीनों अंगों को सामंजस्यपूर्ण ढंग से कार्य करना चाहिए।

हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लोक सभा में जानकारी दी है कि देश भर की जेलों में बंद 14०० से अधिक कैदी अपनी सजा काटने के बाद जुर्माने की राशि का भुगतान नहीं कर पाने की वजह से अभी भी जेलों में बंद हैं। इनकी रिहाई समय से हो जाती तो शायद जेलों का भार कम होता।

गौरतलब है कि जेलों में कैदियों को क्षमता से ज्यादा रखने के मामले में देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश है। यहां कैदियों की संख्या लगभग दोगुना है। दूसरे नंबर पर बिहार और तीसरे नंबर पर मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र की जेलें हैं। इन जेलों में कैदियों का बहुत बुरा हाल है। इसके अलावा क्षमता से अधिक कैदी रखने वाले राज्यों में असम, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य शामिल हैं।

मतलब साफ है कि कैदियों को जेलों में रखने में असंतुलन बड़े राज्यों में ज्यादा है। अगर हम दिल्ली के तिहाड़ की एक जेल, नंबर-4 की बात करें तो वहां 74० की जगह 37०० से अधिक कैदी बंद हैं। यहां नहाने-धोने या टॉयलेट जाने के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ती है। कई बार आपसी लड़ाई-झगड़े के कारण जेल प्रशासन को बहुत मशक्कत करनी पड़ती है। उन पर नजर रखने में संघर्ष करना पड़ता है। दूसरी ओर कोरोना जैसी महामारी भी कई जेलों के लिए चिंता का सबब बन गई थी।

एशिया की सबसे बड़ी जेल तिहाड़ में 8० प्रतिशत ऐसे कैदी हैं, जिन्हें अदालत से जमानत मिलने के बाद भी सलाखों के पीछे रहना पड़ रहा है। उनके पास जुर्माना के राशि चुकाने तक के पैसे नहीं हैं। इस प्रकार दिल्ली में कुल 16 जेल हैं, जो करीब-करीब क्षमता से अधिक कैदियों से भरे हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो यानी एनसीआरबी के मुताबिक देश में कुल 1412 जेलों में अपने निर्धारित क्षमता से अधिक कैदी बंद हैं। इसमें साल-दर-साल बढ़ोतरी ही होती जा रही है, जबकि जेलों की संख्या में मामूली वृद्धि हुई है। सर्वोच्च अदालत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एनवी रामना के मुताबिक आज आपराधिक न्याय प्रणाली में प्रक्रिया ही सजा बन गई है। इस वजह से भी जेलों में कैदियों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

अंडर ट्रायल के तौर पर कैदियों का सालों से बंद रहना उचित नहीं है। फास्ट ट्रैक अदालतों की स्थापना व खुली जेल बनाना इसके उपाय हो सकते हैं। इसके अलावा कई न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए त्वरित कदम उठाए जाने की जरूरत है। दुनिया के कई अन्य देशों की तुलना में भारतीय जेलों में कैदियों की अपेक्षाकृत कम संख्या होने के बावजूद कई समस्याएं हैं। भीड़-भाड़, अंडर-ट्रायल, कैदियों की लंबे समय तक हिरासत, असंतोषजनक रहने की स्थिति, उपचार कार्यक्रमों की कमी और जेल कर्मचारियों के उदासीनता के कारण असंतुलन की स्थिति है।

कुल मिलाकर देश के जेलों की स्थिति बहुत ही दयनीय है। ऐसे में सरकार को जेलों के प्रति अधिक संवेदनशील होना चाहिए। क्योंकि जो व्यक्ति अपराधी के रूप में कैद हैं, वह एक जीवित इंसान भी हैं, जिन्हें पूर्ण रूप से और सम्मान से जीने का अधिकार है। राष्ट्पति द्रोपदी मुर्मु इस मुद्दे पर अपना मत जता चुकी हैं कि जेलों में बहुत से लोगों को ना तो अपने मौलिक अधिकारों या कर्तव्यों के बारे में पता है, और ना ही संविधान की प्रस्तावना के बारे में जानकारी। बाहर आने पर समाज द्वारा बुरे बर्ताव की चिंता उन्हें अलग सताती है। इसलिए जेलों की बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ पुनर्वास संबंधी उपयोगी कदम उठाना श्रेयस्कर होगा।

# उत्तर प्रदेश में दलित वोट किसके ?

अजय दीक्षित

अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव से पूर्व समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के बीच दलित-मुस्लिम वोटों को लेकर रार बढ़ने लगी है, जिस तरह से दोनों दलों के नेता एक-दूसरे के वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिश में लगे हैं, उससे तो यही लगता है कि अब शायद ही सपा-बसपा प्रमुख एक साथ 2०19 की तरह लोकसभा चुनाव लड़ना तो दूर एक मंच पर भी खड़े नजर नहीं आएंगे। बसपा प्रमुख मायावती समाजवादी पार्टी के मुस्लिम वोट बैंक में तो समाजवादी प्रमुख बसपा के गैर जाटव दलितों पर नजर जमाये हुए हैं। दरअसल, बसपा सुप्रीमो मायावती दलितों में जाटव बिरादरी से आती हैं तो सपा प्रमुख अखिलेश की सबसे मजबूत पकड़ यादव वोटरों पर हैं।



सपा-बसपा की सियासी जंग में भाजपा तीसरा कोण बनी हुई है। उसकी भी नजर गैर जाटव दलितों और गैर यादव पिछड़ों दोनों पर लगी हुई है। दलितों में जाटव की आबादी अधिक होने के साथ समाज में सबसे प्रभावशाली भी है। इसीलिए सपा गैर-जाटव दलित वोट बैंक को लुभाने की कोशिश में लगी हुई है। इस वोट बैंक पर भाजपा की भी नजर है। साथ ही सपा मायावती को सीधे निशाना साधने से बच रही है। हालांकि वह यह संदेश देने की कोशिश जरूर कर रही है कि मायावती परोक्ष रूप से भाजपा को फायदा पहुंचा रही हैं। सपा के इस दोहरे रवैये से बसपा सुप्रीमो का पारा चढ़ा हुआ है। उस पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा कांशीराम जयंती मनाने ने आग में घी डालने का काम किया। अखिलेश यादव के दांव से तिलमिलाई मायावती ने उनके खिलाफ गेस्ट हाउस काण्ड वाला इमोशनल कार्ड चला है।

उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 8० सीटें दांव पर हैं। वैसे बता दें कि जाटव समाज तो अभी भी मायावती के साथ है। पर पासी, वाल्मीकि, धोबी और सोनकर जैसे दलित जाति के लोग कहीं समाजवादी पार्टी के साथ तो कहीं बीजेपी के साथ हैं। अखिलेश ये साबित करने में जुटे हैं कि बीजेपी को हराने के लिए दलित अब मायावती नहीं उनका समर्थन करें। इसीलिए अखिलेश कभी कहते हैं कि मैं शूद्र हूँ, फिर आगे कहते हैं कि बीएसपी के उम्मीदवारों की लिस्ट तो बीजेपी ऑफिस से आती है। अखिलेश अब मायावती को बीजेपी की बी टीम बताने में लगे हैं। अगर इसमें वे कामयाब रहे तो फिर एंटी बीजेपी दलित वोट उनके साथ जुड़ सकता है। वैसे अखिलेश यादव ने यही प्रयोग 2०19 के लोकसभा चुनाव में किया था। बीएसपी के साथ गठबंधन कर उन्होंने बड़ा दांव चला था। इससे समाजवादी पार्टी को तो कोई फायदा नहीं हुआ। लोकसभा में उनके सांसदों की संख्या 5 ही रही। पर मायावती को इसका फायदा मिल गया। 2०14 के चुनाव में बीएसपी का तो खाता तक नहीं खुला था। पर समाजवादी पार्टी के गठबंधन में उसने 1० सीटें जीत लीं थीं। बहरहाल, उत्तर प्रदेश की राजनीति में यूं तो यादव और गैर यादव ओबीसी की अहमियत हमेशा रही है, लेकिन कुछ वर्षों पूर्व तक ओबीसी को इस तरह अलग-अलग करके नहीं देखा जाता था। भाजपा ने सबसे पहली बार यूपी में कुर्मी जाति के नेता कल्याण सिंह को आगे करके पिछड़ों में यादव के राजनैतिक वर्चस्व को तोड़ने का काम किया था, तभी वह 1991 में सत्तारुढ़ हुई तो कल्याण सिंह को मुख्यमंत्री बनाया गया था। इसी के बाद समय-समय पर गैर यादव ओबीसी मुलायम सिंह दूसरी बार 1993 में मुख्यमंत्री बन गए, लेकिन यह कोशिश बहुत लम्बी नहीं चल पाई। इसी बीच स्टेट गेस्ट हाउस कांड हो गया, जिसमें मायावती को जान के लाले पड़ गए और भाजपा नेताओं ने उन्हें बचाने का काम किया था। इसके 26 वर्षों बाद 2०19 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ था, जो कुछ माह बाद ही टूट गया था। आज स्थिति यह है कि यूपी में बसपा सुप्रीमो मायावती और सपा प्रमुख अखिलेश यादव का ध्यान मोदी के रथ को रोकने से अधिक अपनी आपसी दुश्मनी निपटाने पर ज्यादा है, जिसका फायदा उठाने का शायद ही कोई मौका भाजपा छोड़ेगी।

## सू- दोकू क्र.003

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.02का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

# ये दो-टूक संदेश है ?

क्या अमित शाह के बयान से एक बार फिर 'ना कोई घुसा है, ना कोई घुसा हुआ है' वाले प्रधानमंत्री के बयान की पुष्टि नहीं होती है? आशंका है कि चीन इसका उसी तरह दुरुपयोग करेगा, जैसा जून 2०2० में उसने किया था।

भारतीय मीडिया में गृह मंत्री अमित शाह के अरुणाच प्रदेश में दिए गए बयान को चीन को दो-टूक संदेश के रूप में पेश किया गया है। शाह ने वहां कहा कि कोई भारत की एक इंच जमीन पर भी अब कब्जा नहीं जमा सकता। इसके अलावा शाह ने रुणाचल प्रदेश में 48 अरब रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। अमित शाह ने कहा कि इन परियोजनाओं से भारत की सीमाओं की सुरक्षा और बेहतर होगी। ये वे इलाका है, जिसे चीन अपना बताता है और हाल ही में वहां की कई जगहों के नाम भी बदल दिए थे। चीन की इस कार्रवाई के तुरंत बाद अमित शाह का अरुणाचल प्रदेश जाना और वहां परियोजनाओं का उद्घाटन करना अवश्य इस राज्य के बारे में भारत के चिर-परिचित रुख की पुनर्घोषणा है। इस रूप में इसे एक जरूरी पहल माना जाएगा। लेकिन शाह ने भारत की प्रादेशिक अखंडता के बारे में जो दावा किया, वह विवादास्पद है।



इसलिए कि इससे एक बार फिर 'ना कोई घुसा है, ना कोई घुसा हुआ है' वाले प्रधानमंत्री के बयान की पुष्टि होती है। जबकि तब से आज तक इस सवाल का जवाब नहीं मिला है कि अगर स्थिति ऐसी है, तो फिर गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प किसलिए हुई थी और उसके बाद लगभग डेढ़ दर्जन दौर की वार्ता किसलिए हुई है? ये घटनाएं लद्दाख सेक्टर में हुई थीं। उधर अरुणाचल में भी चीनी घुसपैठ की खबरें इस दौर में आती रही हैँ। अनेक कूटनीति विशेषज्ञों का आकलन है कि गलवान घाटी की घटना के बाद प्रधानमंत्री के दिए बयान से चीन के साथ बातचीत में भारत का पक्ष कमजोर हुआ। चीन ने अपने को निर्दोष बताने के लिए उस बयान का खूब उपयोग किया। आशंक है कि अब गृह मंत्री के बयान को भी भारत सरकार के उसी पुराने रुख की पुष्टि समझ कर चीन लद्दाख सेक्टर में अपनी घुसपैठ को वैधता देने की कोशिश करेगा। इसीलिए भारत सरकार के वरिष्ठ पदाधिकारियों से अपेक्षा यह है कि वह उन देशों को कठघरे में रखने की रणनीति के अनुरूप बयान दे, जिनसे भारत के संबंध शत्रुतापूर्ण हैं।

# गढ़वाल सांसद ने की पीएमजीएसवाई सहित कई विभागों की विभागवार समीक्षा की




कार्यालय संवाददाता

रुद्रप्रयाग। गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने मंगलवार को जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक ली। उन्होंने विभागवार प्रगति समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनसे संबंधित योजनाओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय व गुणवत्ता के साथ पूर्ण करते हुए योजनाओं का लाभ आम जनमानस को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक के दौरान सांसद ने सड़क निर्माणदायी संस्था पीएमजीएसवाई, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास आदि विभागों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सड़क निर्माणदायी संस्था के अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। इसी तरह जल जीवन मिशन के अंतर्गत द्वितीय फेज के कार्यों की प्रगति समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम व जल संस्थान को निर्देश दिए हैं कि जनसंख्या के आधार पर द्वितीय फेज में टैंक निर्माण के कार्य किए जाएं तथा घटते जलस्रोतों को ध्यान में रखते हुए पानी के टैंक ऊंचाई वाले स्थान पर तैयार किए जाएं जहां से सभी ग्रामीणों को पानी सुगमता से उपलब्ध हो सके।

महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना की समीक्षा के दौरान 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराते हुए कार्य करने वाले व्यक्तियों का समय से भुगतान करने के निर्देश दिए। सर्व शिक्षा अभियान की समीक्षा के दौरान उन्होंने विद्यालयों में बच्चों को दिए जा रहे मिड डे मील में भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए तथा सभी विद्यालयों में किचेन गार्डन में भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि एवं उद्यानीकरण के क्षेत्र में मोटे अनाज एवं लोकल प्रोडक्ट पर विशेष ध्यान देते हुए इसे बढ़ाने पर जोर दिया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वर्तमान में केदारनाथ धाम यात्रा के दृष्टिगत आने वाले तीर्थ यात्रियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो इस पर विशेष ध्यान रखने को कहा तथा सभी एमआरपी में पर्याप्त स्टाफ व दवा रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन व पुलिस केदारनाथ यात्रा को सुगम एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित कराने के लिए बेहतर ढंग से कार्य किया जा रहा है।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने मा. सांसद को आश्वस्त करते हुए कहा कि बैठक के दौरान उनके द्वारा जो भी दिशा-निर्देश दिए गए हैं उनका संबंधित विभागीय अधिकारियों से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने पीपीटी के माध्यम से मा. सांसद को जनपद में संचालित हो रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पूर्व में दिए गए निर्देशों की प्रगति से अवगत कराते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा के तहत मानव सृजन दिवस, निर्धारित समूह गठन लक्ष्य, समाज कल्याण विभाग द्वारा वितरित होने वाली पेंशन, स्वजल के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन, शिक्षा, स्वास्थ्य व बाल विकास आदि विभागीय योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अमरदेई शाह, जिलाध्यक्ष भाजपा महावीर सिंह पंवार, ब्लॉक प्रमुख ऊखीमठ श्वेता पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कप्रवान, प्रभागीय वनाधिकारी अभिमन्यु, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद प्रसादद सिमल्टी, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्र, अधिशासी अभियंता जल संस्थान अनीश पिल्लई, जल निगम नवल कुमार, सिंचाई पीएस बिष्ट, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र एचसी हटवाल, सेवायोजन अधिकारी कपिल पांडे, विद्युत, पीएमजीएसवाई, लोनिवि, एनएच आदि सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी-कर्मचारी व जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## खतरनाक मौसम में भी यात्रा जारी...

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

को बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। वृद्ध और बीमार तथा बच्चों को इस दौरान यात्रा पर न जाने की सलाह दी गई है। खराब मौसम के कारण भूस्खलन से मार्ग बाधित होने की संभावनाएं भी जताई गई है। प्रशासन द्वारा हरिद्वार से लेकर गौरीकुंड और चमोली तक यात्रियों को पड़ावों पर रोका जा रहा है लेकिन इसके बावजूद भी यात्रियों के धामों में पहुंचने का सिलसिला जारी है।

# मंत्रिमंडल विस्तार व उत्तरादायित्व बटवारा कर्नाटक चुनाव के बाद संभव

## ❑सीएम धामी ने प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम से की मुलाकात

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली दौरे पर गए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तराखंड के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम से मुलाकात की और उन्हें प्रदेश के ताजा राजनीतिक हालात की जानकारी दी। उनकी इस मुलाकात के दौरान मंत्रिमंडल के विस्तार और कार्यकर्ताओं को उत्तरादायित्व बांटे जाने के मुद्दे पर भी चर्चा होने की बात कही जा रही है।

इस मुलाकात के बाद भले ही मुख्यमंत्री धामी ने इस मुद्दे पर कोई खास जानकारी न दी हो लेकिन उनका कहना है कि उचित समय आने पर खाली पड़े मंत्री पद भी भरे जाएंगे तथा कार्यकर्ताओं को उत्तरादायित्व भी दिए जाएंगे। उचित समय के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी तो कर्नाटक के चुनाव में सभी व्यस्त हैं। उनके इस बयान से माना जा रहा है कि कर्नाटक चुनाव के बाद राज्य कैबिनेट में खाली पदों को भरा जा सकता है तथा लंबे समय से इंतजार कर रहे पार्टी के कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं की मंशा भी पूरी हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि राज्य कैबिनेट में तीन मंत्री पद सरकार गठन के समय से ही खाली पड़े हैं अभी विगत दिनों परिवहन और समाज कल्याण मंत्री चंदन राम दास के निधन के बाद अब इन खाली पड़े मंत्री पदों की संख्या 4 हो गई है। मंत्रिमंडल का आकार कम होने और अधिकांश विभागों की जिम्मेवारी सीएम पर होने के कारण लंबे समय से इन खाली मंत्री पदों को भरने की बात चल रही है लेकिन भाजपा लगातार किसी न किसी चुनाव में उलझी रहती है जिसके कारण मंत्रिमंडल विस्तार और दायित्व बांटे जाने का यह काम लगातार टाला जा रहा है। 2024 में लोकसभा के चुनाव से पहले यह मंत्री पद भर दिए जाएंगे और कार्यकर्ताओं को उत्तरादायित्व भी बांट दिए जाएंगे यह तो तय माना जा रहा है लेकिन कर्नाटक के चुनाव के बाद पार्टी यह कर सकती है इसकी संभावनाएं भी बनी हुई है।

# एक वर्ष से फरार 25 हजार का ईनामी गिरफ्तार




संवाददाता

देहरादून। धोखाधडी के मामले में एक साल से फरार चल रहे 25 हजार रूपये के ईनामी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक नगर सरिता डोभाल ने बताया कि सुरेश कुमार पुत्र मायाराम निवासी भराड कण्डोई तहसील चकराता द्वारा तहरीर दी कि ऋतुराज चतुर्वेदी द्वारा उसके व उसके सहकर्मी के वेतन से प्राप्त किये गये पी.एफ. की धनराशी को सम्बन्धित पी.एफ. खातों मे जमा नही की गया व धोखाधडी की गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस टीम द्वारा लगातार आरोपी की तलाश व गिरफ्तारी हेतु विभिन्न ठिकानों पर दबिश दी गयी किन्तु आरोपी के सम्बन्ध में कोई जानकारी नही मिल पा रही थी। इसके पश्चात आरोपी की गिरफ्तारी हेतु न्यायालय से आरोपी का गिरफ्तारी वारण्ट जारी करवाया गया तथा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु उसके नाम पर 10 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। आरोपी के लगातार 01 वर्ष से अधिक से फरार रहने पर दलीप सिंह कुंवर पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, द्वारा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित करते हुए उस पर ईनामी धनराशि को बढाकर 25000 रूपये किया गया था।

ऋतुराज की गिरफ्तारी हेतु सर्वेश पंवार, पुलिस अधीक्षक अपराध तथा आशीष भारद्वाज, क्षेत्राधिकारी प्रेमनगर के मार्गदर्शन में पी.डी.भट्ट थानाध्यक्ष थाना प्रेमनगर के नेतृत्व में आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा गत दिवस ऋतुराज चतुर्वेदी को मालवीय नगर दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। जिसको न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# पुलिस महानिदेशक पहुंचे केदारनाथ, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

हमारे संवाददाता

रुद्रप्रयाग। पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड अशोक कुमार रुद्रप्रयाग के अपने 2 दिवसीय भ्रमण के दूसरे दिन आज केदारनाथ धाम पहुंचे। उन्होने इस दौरान केदारनाथ मन्दिर परिसर में धाम में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और धाम में तैनात पुलिस बल का सम्मेलन लिया गया।



इस दौरान उन्होने पुलिस बल के साथ संवाद स्थापित कर उनकी आवासीय व खाने की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली गयी। धाम में नियुक्त पुलिस बल हेतु व्यवस्थायें दुरुस्त हैं, फिर भी पुलिस कार्मिकों को उच्च कैलोरी युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग को निर्देशित किया गया कि मन्दिर से सम्बन्धित ड्यूटियों को सेक्टर में विभाजित कर आवश्यक पुलिस बल की तैनाती करायें। किसी प्रकार की वीआईपी ड्यूटी इत्यादि होने पर रुटीन की ड्यूटियां प्रभावित न होने पायें।

इस दौरान उनके द्वारा यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं से भी संवाद स्थापित कर उनके अनुभव जाने। उनके द्वारा केदारनाथ धाम आ रहे श्रद्धालुओं से अपील की गयी है कि वे मौसम पूर्वानुमान देखकर ही अपनी यात्रा करें। जिन लोगों को हृदय रोगों की समस्या, बीपी की समस्या है, उनको अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है, वे इनसे सम्बन्धित नापने के उपकरण, जरूरी दवाईयां लेकर चलें। उन्होने अपील की कि उत्तराखण्ड पुलिस आपकी सुगम यात्रा कराने हेतु प्रतिबद्ध है, फिर भी आपके स्तर से सावधानी बरतने की आवश्यकता है। यहां की ऊंचाई काफी है, ऑक्सीजन की समस्या हो सकती है, मौसम परिवर्तन की जानकारी जरूर रखें। इस अवसर पर केदारनाथ धाम में पुलिस उपाधीक्षक केदारनाथ यात्रा विवेक कुमार, पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी विमल रावत, चौकी प्रभारी केदारनाथ सहित निरीक्षक गण व धाम में तैनात पुलिस बल मौजूद रहा।

## एक नजर

# गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की तिहाड़ जेल में हत्या

नई दिल्ली। दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की मंगलवार सुबह हत्या कर दी गई। हत्या को अंजाम देने वाले कैदी जितेंद्र गोगी गिरोह के सदस्य बताए जा रहे हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने बताया कि टिल्लू ताजपुरिया को हाई रिस्क वार्ड के ग्राउंड फ्लोर पर रखा गया था। उस पर चार कैदियों ख़ दीपक उर्फ तीतर, योगेश उर्फ टुंडा, राजेश और रियाज खान ने हमला किया, जो उसी वार्ड की पहली मंजिल वाली जेल में बंद है। यह हमला सुबह करीब 6115 बजे हुआ। आरोपियों ने टिल्लू पर लोहे की ग्रिल से बने धारदार हथियार से हमला किया। सेंट्रल जेल की ओपीडी में सुबह करीब 6145 बजे आवश्यक चिकित्सा देने के बाद टिल्लू को तुरंत दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया। टिल्लू की इलाज के दौरान मौत हो गई। हत्यारे कुख्यात गैंगस्टर जितेंद्र गोगी गैंग के सदस्य बताए जा रहे हैं। गोगी की 2021 में रोहिणी कोर्ट कॉम्प्लेक्स (दिल्ली) में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस हमले के पीछे टिल्लू का हाथ बताया जा रहा है।

आज सुबह करीब 7 बजे डीडीयू अस्पताल से दो अंडर ट्रायल कैदियों के संबंध में सूचना मिली। उनमें से एक सुनील उर्फ टिल्लू को बेहोशी की हालत में लाया गया था। बाद में उसे मृत घोषित कर दिया गया। पश्चिम जिला पुलिस ने कहा, एक अन्य व्यक्ति, रोहित का इलाज चल रहा है और वह खतरे से बाहर है। हाल ही में एक आतंकी मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच के दौरान टिल्लू का नाम सामने आया था।

# भाजपा बूथ अध्यक्ष की हत्या, टीएमसी पर आरोप

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले के मोयना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बूथ स्तर के एक नेता का शव मिला है। भाजपा ने इस हत्या के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को जिम्मेदार ठहराया और घटना में संलिप्त लोगों के गिरफ्तारी की मांग की। भाजपा ने दावा किया कि मोयना के भाजपा बूथ अध्यक्ष बिजयकृष्ण भुइया सोमवार शाम जब घर वापस लौटे तो कथित तौर पर श्टीएमसी के गुंडोंश ने उनकी पत्नी के सामने उनकी पिटाई की और फिर जबरन मोटरसाइकिल से उन्हें लेकर चले गए। कहा कि बाद में उनकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने कहा कि सिर पर चोट के निशान के साथ सोमवार देर रात भुइया का शव उसके आवास से कुछ दूरी पर बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और मेदिनीपुर के सांसद दिलीप घोष ने आरोप लगाया कि टीएमसी इस महीने होने वाले पंचायत चुनाव को जीतने के उद्देश्य से इलाके में श्भय का माहौलश बना रही है और इसके मद्देनजर उसने विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं का श्उत्पीड़नश तेज कर दिया है। हालांकि, सत्तारूढ़ टीएमसी ने इस घटना में किसी भी तरह की संलिप्तता को सिरे से खारिज करते हुए इसे पारिवारिक विवाद का नतीजा करार दिया है। वहीं, मोयना के पूर्व टीएमसी विधायक संग्राम डोलुई ने मांग की कि दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए।

# कांग्रेस का इतिहास आतंक और आतंकवादियों के तुष्टिकरण का हैः पीएम मोदी

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक चुनाव प्रचार के दौरान मंगलवार, 2 मई को चित्रदुर्ग में रैली को संबोधित किया और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा, ष्कांग्रेस का इतिहास आतंक और आतंकवादियों के तुष्टिकरण का है। जब दिल्ली में बाटला हाउस एनकाउंटर हुआ तो कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता के आंखों में आतंकियों के मर जाने की खबर सुनकर आंसू आ गए थे। जब सर्जिकल स्ट्राइक और एयरस्ट्राइक हुई तो कांग्रेस ने देश की सेनाओं के सामर्थ्य पर ही सवाल खड़ा कर दिया। उन्होंने आगे कहा, प्रदेश भाजपा की टीम को, ष्कर्नाटक भाजपा के नेतृत्व को आज मैं सार्वजनिक रूप से बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कल जो उन्होंने संकल्प पत्र घोषित किया है, ये बहुत ही अच्छा संकल्प पत्र लेकर आए हैं।

कर्नाटक के लिए जारी घोषणापत्र में राज्य के लिए योजनाओं का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ष्भाजपा ने योजनाओं का सुरक्षा घेरा तैयार किया है। पहला सुरक्षा घेरा- पक्के घर, मुफ्त गैस कनेक्शन, हर घर जल का है। दूसरा सुरक्षा घेरा- गरीबों को मुफ्त राशन, भुखमरी से बचाव और पोषण का है। तीसरा सुरक्षा घेरा- आरोग्य का है, मुफ्त इलाज और टीकाकरण का है। चौथा सुरक्षा घेरा- जनधन योजना और मुद्रा योजना के तहत दी गई लाखों करोड़ रुपये की मदद का है। पांचवा सुरक्षा घेरा- संकट के समय मदद का है, जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, सुरक्षा बीमा योजना जैसे कवच का है। छठा सुरक्षा घेरा- बेहतर कानून व्यवस्था का है। सातवां सुरक्षा घेरा- हर समाज के हक को सुरक्षित करने का है।

# ऑनलाईन जुआ खेलने की लत ने सहायक प्रबंधक से बनाया ठग

संवाददाता

देहरादून। ऑनलाइन जुआ खेलने की लत ने निशांत सडाना को बैंक के सहायक प्रबंधक से ठग बना दिया। पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक नगर सरिता डोभाल ने बताया कि यूनियन बैंक शाखा प्रबन्धक नगर निगम देहरादून द्वारा कोतवाली नगर पर पर 40 लाख रूपये की धोखाधडी का मुकदमा बनाम निशांत सडाना पुत्र स्व. सुरेन्द्र कुमार सडाना निवासी पशुपति हाईट्स थाना नेहरु कालोनी देहरादून के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जिसके अनुसार निशांत सडाना वर्ष 2015 से 2021 तक इसी शाखा में सहायक प्रबन्धक के पद तैनात था। इस दौरान उसके द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए बैंक में एक महिला खाता धारक के 40 लाख रूपये के फिक्स डिपाजिट को धोखाधडी कर अपनी पत्नी व अन्य खातों में ट्रांसफर करते हुए उक्त धनराशि का गबन किया गया।




मुकदमें की जांच के दौरान निशांत सडाना के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य होने पर उप निरीक्षक नवीन जुराल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा निशांत सडाना को कोतवाली नगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। वह वर्तमान में सहायक प्रबन्धक (निलम्बित) हल्द्वानी में तैनात है।

पूछताछ में उसके द्वारा बताया गया कि उसे आनलाइन कैसिनों तीन पत्ती खेल की लत लगने के कारण उसके द्वारा स्वंय तथा परिवार के पास जो भी नगद धनराशि थी उसे उक्त खेल में उडा दिया। इसके पश्चात स्वंय के पास पैसा न रहने पर उसके द्वारा अपने बैंक की एक महिला खाताधारक के खाते से फिक्स डिपाजिट किये गये 40 लाख रूपये धोखे से अपनी पत्नी व अपनी अन्य पहचान वालों के खातों में ट्रांसफर कर उक्त धनराशि को भी ऑनलाइन कैसिनों तीन पत्ती गेम में लगाकर उडा दिये। पुलिस ने उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## कार खाई में गिरी, एक की मौत पांच घायल

हमारे संवाददाता

नैनीताल। सड़क दुर्घटना में देर रात एक कार के खाई में गिर जाने से जहां एक युवक की मौत हो गयी वहीं पांच लोग गम्भीर घायल हुए है। सूचना मिलने पर पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया वहीं अन्य का उपचार जारी है।

सड़क दुर्घटना का यह मामला धानाचूली-पहाड़पानी मोटर मार्ग के चौरलेख के समीप का है। बताया जा रहा है कि बीती देर रात एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई वहीं पांच लोग गम्भीर घायल हो गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। स्थानीय पुलिस के अनुसार रात करीब 11 बजे एक ऑल्टो कार लोहाघाट से धारी की ओर जा रही थी। जिसमें सवार सभी लोग एक पारिवारिक सगाई कार्यक्रम में लोहाघाट गए हुए थे। बताया कि वहां से लौटते समय चोरलेख के पास कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को पदमपुरी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

चिकित्सकों के अनुसार नवीन चंद्र पुत्र सेवक राम निवासी ग्वालाकोट (अघरिया) की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई थी। वहीं विमला देवी, ईश्वरी राम, दीपक चंद्र, बुद्धि राम और गीता के घायल होने पर उपचार किया जा रहा है।

## युवक की हत्या कर शव झाडियों में फैंका



संवाददाता

देहरादून। युवक की हत्या कर शव को झाडियों में फैंक दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज हत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह डोईवाला के जौलीग्रांट में एक युवक की लाश बरामद हुई है। प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। यह घटना कोठारी मोहल्ले की सड़क से लगभग 80 मीटर दूर एक झाड़ियों में पाई गई है। मोहल्ले की महिलाओं ने छत से देखा कि झाड़ियों में एक युवक का शव पडा हुआ था। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। युवक के द्वारा नीली जींस पहनी है जो नीचे की और सरकी हुई है। इस युवक की पहचान धर्मेंद्र गैरोला के रूप में की गई है। यह मूल रूप से टिहरी गढ़वाल के दोगी पट्टी का रहने वाला बताया जा रहा है। यह वर्तमान में किराये पर दुर्गा चौक में रह रहा था। कल जौलीग्रांट पुलिस चौकी में धर्मेंद्र गैरोला के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस घटना की जानकारी मिलने पर डोईवाला इंस्पेक्टर राजेश शाह मौके पर पहुंचे और टीम के द्वारा जांच की जा रही है। डोईवाला कोतवाल राजेश शाह से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि मृतक बेरोजगार था तथा नशा करने का आदी था। कोतवाल ने बताया कि मृतक की हत्या किसी अन्य स्थान पर की गयी थी तथा यहां पर उसको घसीट कर लाया गया है। पुलिस अब हत्या के कारणों की जांच कर रही है कि हत्या कहां पर हुई तथा हत्या करने वालों के साथ मृतक की क्या दुश्मनी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*